**खबर संक्षेप**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मंडला में भव्य प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम 23 सितंबर को

**मण्डला।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडला द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस उपलक्ष्य में प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम मंगलवार, 23 सितंबर को सायं 4.30 बजे नगर पालिका टाउन हॉल में आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री के अद्वितीय जीवन, उनकी प्रेरणादायी उपलब्धियों और विकसित भारत के विजन पर विशेष चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम की विशेषता यह होगी कि उपस्थित प्रबुद्धजन एवं गणमान्य नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन संघर्ष और सफलताओं पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म तथा उनकी कार्यशैली को दर्शाती विशेष प्रदर्शनी भी दिखाई जाएगी। इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को देश के विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हो रहे कार्यों से अवगत कराना है। कार्यक्रम के प्रमुख प्रवक्ता मंडला सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिवाकर जी , जबलपुर की वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रख्यात महिला नेत्री अश्विनी परांजपे के विशिष्ट अतिथि विकसित भारत विजय विषय पर अपने विचार रखेंगे और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण तिवारी एवं नगर भाजपा अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत ने मंडला जिले के सभी बुद्धिजीवी नागरिकों, सम्मानित प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों, व्यापारिक वर्ग से आग्रह किया है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस प्रेरक आयोजन का हिस्सा बनें और प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपनी सहभागिता दर्ज करें। भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि यह कार्यक्रम न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से जुड़ी प्रेरणा को साझा करेगा बल्कि देश की विकास गाथा और आने वाले विजन 2047 की झलक भी प्रस्तुत करेगा।

### घट पूजा के साथ ही शारदेय नवरात्र की धूम

# शक्ति का आराधना का पर्व प्रारंभ





*** आकर्षक पंडालों में विराजित होंगी माँ भवानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

**शारदेय नवरात्र के प्रथम दिवस घट स्थापना के साथ ही शक्ति की उपासना प्रारंभ हो गई नगर के प्रसिद्ध शक्ति पीठों में सुबह से ही जल चढ़ाने एवं पूजन करने वालों की भारी भीड़ नजर आई। सिंहवाहिनी मंदिर, राजराजेश्वरी मंदिर, शीतला मंदिर, खैरमाई मंदिर, माता महाकाली मंदिर, बूढ़ी माई मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से जो श्रद्धालुओं की कतारें प्रारंभ हुईं वे दिनभर जारी रहीं।**

विभिन्न सार्वजनिक समितियों के माध्यम से देवी प्रतिमाओं की स्थापना का क्रम भी दिनभर जारी रहा। ज्ञात हो कि शारदेय नवरात्रि में दुर्गोत्सव बहुत ही भव्य आयोजन होता है जिसकी तैयारियाँ काफी समय पूर्व ही प्रारंभ हो जाती है। विभिन्न पंडालों में आकर्षक झांकियाँ सजाई गई है जिन्हें देखने नवरात्र के प्रथम दिन से ही श्रद्धालुओं की उत्सुकता नजर आ रही है।

### भव्य आयोजन होने वाला है बड़ी खैरी का दुर्गोत्सव

श्री सिद्ध सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी मण्डला द्वारा इस वर्ष भी नवरात्र पर भव्य आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र के नौ दिनों तक विविध कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है। इस वर्ष 10 महाविद्याओं की प्रतिमा स्थापित की जा रही है जो कि अलौकिक है साथ ही इनके केन्द्र में पंचमुखी सिंहवाहिनी माता की भव्य एवं विराट प्रतिमा स्थापित की जायेगी। इसी तरह दुर्गोत्सव के दूसरे आकर्षण कृषि उपज मण्डी में भी माता महालक्ष्मी, माता सरस्वती और सिंहवाहिनी माता की आकर्षक प्रतिमायें स्थापित हो रही हैं इस दुर्गोत्सव में रतन टाटा जी को समर्पित करते हुये ताज हॉटल की झांकी तैयार की गई है। आज शक्ति की देवियों में शैलपुत्री की पूजा की जायेगी जो चंद्र ग्रह से जुड़े नकरात्मक प्रभावों से मां रक्षा करती हैं चमेली का फूल देवी शैलपुत्री को काफी प्रिय है। देवी माता के शैलपुत्री रूप में उन्हें दो भुजाओं के साथ देखा जा सकता है उनके एक हाथ (दाहिने) में त्रिशूल होता है। वहीं दूसरे (बायें) हाथ में उन्हें कमल पुष्प के साथ देख सकते हैं। यहां पर झूला प्रदर्शनी सहित अनेक कलाकार आ चुकें हैं।

दुर्गोत्सव पर्व को लेकर प्रशासन भी मुस्तैद नजर आ रहा है पिछले दिनों पुलिस द्वारा दुर्गा समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठकर व्यवस्थाओं को लेकर चिंता की गई विशेष रूप से जिन पंडालों में गरबें का आयोजन होना है वहां की समितियों के साथ लगातार पुलिस प्रशासन चर्चारत है।

### दुर्गोत्सव को लेकर प्रशासन सतर्क, थाना प्रभारी ने दिए सख्त निर्देश

घुघरी थाना परिसर में आज दिनांक 21 सितम्बर 2025 को शाम 4:00 बजे विशेष शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आगामी शारदीय नवरात्रि एवं दुर्गोत्सव के मद्देनजर यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण रही। बैठक में क्षेत्र के गड़मान्य नागरिक, बस स्टैंड दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, समिति अध्यक्ष ल सिद्ध बाबा, महिला समिति अध्यक्ष लता अग्रवाल, महिला समिति की गीता मरावी, अन्य पंडालों के सदस्य, सचिन, पत्रकारगण, जनप्रतिनिधि तथा थाना प्रभारी पूजा बघेल तहसीलदार इंद्र जीत सिंग सहित प्रशासनिक अमला बड़ी संख्या में मौजूद रहा। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवरात्रि के दौरान विशेषकर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दिन शांति और सौहार्द्र बनाए रखना, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर नियंत्रण, जुलूस मार्ग की साफ-सफाई और सुरक्षा के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। थाना प्रभारी पूजा बघेल ने बैठक की शुरुआत करते हुए कहा कि घुघरी क्षेत्र धार्मिक सद्भाव का प्रतीक है और यहां हर पर्व-त्योहार मिलजुल कर मनाने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा, दुर्गा पूजा के दौरान प्रशासन की जिम्मेदारी है कि हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे। जुलूस शांतिपूर्वक निकले और किसी भी तरह का विवाद या उपद्रव न हो, यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी समितियों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ध्वनि विस्तारक केंद्र (डीजे, साउंड सिस्टम) का उपयोग निर्धारित समय सीमा के भीतर ही करें। रात 10 बजे के बाद ध्वनि यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिमा विसर्जन से पहले ग्राम पंचायत मिलकर पूरे जुलूस मार्ग की साफ-सफाई करेगी। विशेष रूप से तालाब और नदी के घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। पुलिस बल को चप्पे-चप्पे पर तैनात किया जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके। ग्राम प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि जिन रास्तों से जुलूस निकलता है, वहां पहले से गड्ढों की मरम्मत कराई जाए और कीचड़ आदि हटाकर सुगम मार्ग उपलब्ध कराया जाए।

## अब आवारा कुत्तों ने बनाया मासूम को अपना शिकार



*** मासूम बच्ची के हाथ पर पहुंचाई गंभीर चोट।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

पिछले दिनों पड़ाव क्षेत्र में जैन मंदिर के सामने वाली गली में एक एक बच्चे को कुत्तो ने दौड़ा-दौड़ाकर घायल कर दिया था और कल एक मासूम बच्ची पर झपट पड़े और उसके हाथ पर गंभीर चोटें पहुंचाई। कुत्तों के काटने से बच्ची को तुरंत ईलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां उसके हाथ पर टांके लगाने पड़े हैं।

नगर की सड़कों पर आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कभी किसी मोहल्ले में तो कभी मुख्य मार्गों पर 50 से अधिक कुत्तों का झुंड अचानक निकल पड़ता है, जिससे लोग सहम उठते हैं। शहर में ऐसे करीब आधा सैकड़ा से अधिक झुंड सक्रिय बताए जा रहे हैं, जिन्होंने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है।

कुत्तों के हमलों का सबसे ज्यादा खामियाजा मासूम बच्चों और शिक्षकों को उठाना पड़ रहा है। सुबह-शाम जब बच्चे स्कूल आते-जाते हैं, तब कुत्तों का झुंड उनके पीछे पड़ जाता है। कई बार इनके हमलों से बच्चे घायल हो चुके हैं और अध्यापक भी सुरक्षित नहीं रह पाए हैं। यह स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजते वक्त दहशत में रहते हैं शहर के विभिन्न मोहल्लों और चौराहों पर बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक भी अक्सर इनके शिकार हो जाते हैं। चलते वाहन पर अचानक हमला करने से संतुलन बिगड़ जाता है और लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। पिछले दिनों कई ऐसे मामले सामने आए जिनमें बाइक सवार कुत्तों के कारण गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए।

शहरवासियों का कहना है कि नगर पालिका और पशु चिकित्सा विभाग पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके हमलों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। टीकाकरण और नसबंदी जैसे अभियान केवल कागजों तक ही सीमित दिखाई देते हैं।

स्थिति यह है कि लोग रात के समय घर से निकलने में कतराने लगे हैं। कई मोहल्लों में तो लोग समूह में बाहर निकलते हैं ताकि झुंड के हमले से बच सकें। महिलाओं और स्कूली बच्चियों के लिए यह समस्या और भी बड़ी चुनौती बन चुकी है। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन करना पड़ेगा। लोगों की मांग है कि तत्काल नगर पालिका द्वारा आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण, नियमित टीकाकरण और शेल्टर होम की व्यवस्था की जाए।



### 22 सितंबर को 29 ग्रामों में लगेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार/पोषण पखवाड़ा/आदि कर्मयोगी शिविर

**मण्डला।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार, पोषण पखवाड़ा, आदि कर्मयोगी शिविर विकासखंडवार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। 22 सितंबर को घुघरी विकासखंड के गरैया, भानपुर एवं सलवाह में, बीजाडांडी विकासखंड के मगरधा, बुदरा एंव भौंडी में, मण्डला विकासखंड के सेमरखापा, ढेको, पुरवा, बिनैका, मानादेई एवं सिंगारपुर में, मवई विकासखंड के परसाटोला, अंजनी मा. पिपरी रै. एवं भडली में, बिछिया विकासखंड के हर्राभाट, हर्राभाट न्यू, कन्हारीकला एवं करंजिया में, निवास विकासखंड के हिरनाछापर एवं खम्हरिया में, नारायणगंज विकासखंड के देवहार, भानपुर एंव बीजेगांव में, नैनपुर विकासखंड के धनौरा, रैवाड़ा, सालीवाड़ा एवं पंडित मोहगांव में शिविर लगाया जायेगा।

### द ग्रेट खली के मंडला आगमन को लेकर सामाजिक संस्था बीएसवीपी हुई महत्वपूर्ण बैठक

**मण्डला।** कुछ ही दिनों से मंडला जिले में द ग्रेट खली के आगमन को लेकर शहर में काफी चर्चा चल रही है इसी के निमित्त भागीरथ सेवा विकास परिवार मंडला सदस्यों द्वारा रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक रखी जिसमें समिति के महत्वपूर्ण सदस्य उपस्थित रहे बैठक में अपने समिति के सदस्यों को जानकारी देते हुए बीएसवीपी अध्यक्ष डॉ अजय कुमार ने बताया कि द ग्रेट खली हमारे मंडला जिले में पहली बार आ रहे हैं यह कार्यक्रम दो समिति भागीरथ सेवा विकास परिवार अजेय पत्रिका मंडला और श्री सिद्ध सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी मिलकर एक संयुक्त कार्यक्रम कर रही बीएसवीपी द्वारा विशाल सामाजिक समरसता रक्तदान शिविर आयोजित होगा जिसमें द ग्रेट खली जी अधिकतम 30 मिनट रक्तदान शिविर में उपस्थित होंकर रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करेंगे उसके पश्चात 30 मिनट के लिए श्री सिद्ध सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी मंडला विराजमान माता जी प्रतिमा का पूजन अर्चन और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे और समिति के सदस्यों का उत्साह वर्धन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर दोनों समितियां ने अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। द ग्रेट खली के कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ अजय कुमार वंशकार और आशीष बोवी रावत मंडला नगर के नागरिकों से अपील की है कि अनुशासन पूर्वक इन दोनों कार्यक्रमों में अपनी सकारात्मक उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाएं और हमारे मंडला आए हुए अतिथि को एक अच्छा संदेश प्रस्तुत करें।

**नवरात्र** | **समिति सदस्यों के साथ श्रद्धालुओं ने की व्यापक तैयारियाँ।**

# बस स्टैंड में नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर

*** नगरवासियों में उत्साह, जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/घुघरी



नवरात्रि पर्व को लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल है। इस बार बस स्टैंड परिसर में नवरात्रि का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं और नगर के प्रमुख नागरिक, व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता आयोजन को भव्य बनाने में जुटे हुए हैं। विशेष रूप से विनय चौकसे, शशि तिवारी, दीपक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल और सुनील अग्रवाल पूरी लगन से व्यवस्थाओं पर ध्यान दे रहे हैं। ये सभी रोजाना स्थल पर पहुंचकर पंडाल निर्माण, बिजली की फिटिंग, सफाई और सजावट की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार बस स्टैंड परिसर में इस बार आकर्षक और आधुनिक डिजाइन का पंडाल बनाया जा रहा है। पंडाल में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस प्रतिमा को विशेष रूप से जबलपुर से मंगवाया जा रहा है। पंडाल को रंग-बिरंगी लाइटों, सजावटी झालरों, कपड़ों और फूलों से सजाया जा रहा है। नगर के कलाकार भी पंडाल की सजावट में अपनी कला का योगदान दे रहे हैं।

विनय चौकसे ने बताया कि नवरात्रि महोत्सव को इस बार भव्य रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए विशेष बैठक व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और पुलिस बल की भी ड्यूटी रहेगी। शशि तिवारी ने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए नगर के हर वर्ग से सहयोग मिल रहा है। दीपक अग्रवाल ने बताया कि इस बार रोजाना भजन संध्या औ आशीष अग्रवाल ने कहा कि रोजाना भोग और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है, ताकि हर श्रद्धालु को प्रसाद प्राप्त हो सके। सुनील अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन नगर में धार्मिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का संदेश देगा।

नगरवासियों में भी आयोजन को लेकर उत्साह है। दुकानों पर सजावटी सामग्री, मूर्तियां और पूजा सामग्री की खरीदारी तेज हो गई है। महिलाएं व्रत सामग्री खरीदने में व्यस्त हैं। बच्चे झांकियों और डांडिया को लेकर उत्साहित हैं। पूरे नगर में नवरात्रि का माहौल नजर आ रहा है।

स्थानीय प्रशासन भी आयोजन की तैयारियों में जुट गया है। बस स्टैंड परिसर में अस्थायी पार्किंग बनाई जा रही है ताकि वाहनों की भीड़ से अव्यवस्था न फैले। आयोजन स्थल पर । बिजली विभाग ने निरंतर बिजली आपूर्ति के लिए अलग लाइन की व्यवस्था की है और बैकअप जनरेटर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। ग्राम पंचायत द्वारा पेयजल टैंकर और सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य मुकेश मरकाम ने नगरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि शक्ति और साधना का पर्व है, जो हमें सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने आयोजन समिति को सहयोग का भरोसा दिलाया। सरपंच श्रीमती यशोदा मरावी ने कहा कि बस स्टैंड परिसर में ऐसा भव्य आयोजन पहली बार हो रहा है, जिससे नगर का गौरव बढ़ेगा। ग्राम सचिव शिवदास बैरागी ने बताया कि आयोजन के दौरान स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष दल गठित किया गया है।

भाजपा नेता नीरज मरकाम ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद लें। कांग्रेस नेता अरविंद कुशराम ने भी आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह आयोजन नगर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करेगा।

नवरात्रि के पहले दिन विधिवत पूजा और कलश स्थापना की जाएगी। अंतिम दिन भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सजीव झांकियां माता के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन करेंगी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस बस स्टैंड परिसर में पहुंचेगी। इसके बाद कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

कुल मिलाकर इस बार बस स्टैंड परिसर में होने वाला नवरात्रि महोत्सव नगर के लिए ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। आयोजन समिति और नगरवासी इसे यादगार बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। पूरा नगर इस उत्सव को लेकर एकजुट दिखाई दे रहा है।

## भारत ज्योति विद्यालय मंडला में भव्य कला एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



दिनांक 20 सितंबर 2025 को भारत ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लालीपुर मंडला में कला एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर किंडरगार्टन से कक्षा पाँचवी तक के विद्यार्थियों द्वारा विविध रंगों व कल्पनाओं से सजी कलाकृतियाँ प्रस्तुत की गईं, वहीं कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विषयवार विज्ञान, गणित, वाणिज्य, भाषा आदि विषयों पर आधारित वर्किंग एवं नॉन वर्किंग मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई।

प्रदर्शनी में रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, जीव विज्ञान, गणित, वाणिज्य, अंग्रेज़ी, हिंदी तथा संस्कृत जैसे विषयों के रोचक एवं नवाचारी मॉडल्स ने दर्शकों को आकर्षित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना गुप्ता (संयुक्त संचालक, ट्राइबल वेलफेयर, जिला मंडला) थीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राजेश चौरसिया (भूतपूर्व प्राचार्य, RDPG कॉलेज मंडला) एवं रंजीत गुप्ता (विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मंडला) उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें प्रवीण वर्मा (रानी अवंती बाई विद्यालय, मंडला) सहित कई शासकीय एवं अशासकीय शिक्षक शामिल थे। विद्यालय के प्राचार्य फादर सिबी, विज्ञान प्रभारी विनय पटेल एवं समस्त शिक्षकों के सहयोग से यह कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने की यह पहल सराहनीय रही, जिससे उनमें रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ।

## खबर संक्षेप

### पैदल चल रहे युवकों को ट्रेक्टर ने मारी टक्कर

**चीचली।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सुदरास निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब मैं अपने दोस्त कप्पू यादव निवासी सुदरास के साथ पैदल पैदल साईकिल लुडकाते हुये चीचली जा रहे थें। उसी दौरान सिद्व बाबा की पुलिया के पास मेन रोड पर एक ट्रेक्टर क्रमांक MP49, AA-6507 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये दोनों पैदल जाने वालों को टक्कर मारते हुये चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### युवक की मौत पर बाइक चालक के खिलाम मामला दर्ज

**चीचली।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस राहुल कौरव निवासी चारगांव कला अपनी मोटर साईकिल से गाडरवारा किसी काम से गया हुआ था जो वापिस आते हुये चीचली तिरहा के पास एक मोटर साईकिल चालक द्वारा अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते राहुल कौरव को गंभीर चोटे आने के चलते उपचार हेतु गाडरवारा चिकित्सालय ले जाया गया हो पर स्थिति गंभीर होने के चलते जिला चिकितसालय रेफर कर दिया गया। वही नरसिंहपुर चिकित्सालय में राहुल पिता देवेन्द्र कौरव उम्र 25 साल की मौत पर पुलिस ने आरोपी बाइक क्रमांक MP49, MF-9627 के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पुरानी बुराई के चलते लाठी से की मारपीट

**चीचली।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम बारहाबड़ा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब बीते हुये दिवस वह रात के समय अपने घर जा रहा था उसी दौरान गांव का गोलू मेहरा मिला और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी ने गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### माँ से बात करने पर पति ने पत्नी से की मारपीट

**गाडरवारा।** समीस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बसुरिया निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपने पति मनमोहन मालवी के खिलाफ पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब प्रार्थिया फोन पर अपनी माँ से बात कर रही थी। उसी दौरान प्रार्थिय के पति द्वारा यह समझा कि शायद वह अपनी माँ से उसकी बुराई कर रही है। इसी बात को लेकर आरोपी पति द्वारा अपनी पत्नि को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### भतीजे ने चाचा से की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम जैथारी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपने भतीजे परषोत्तम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि जब वह अपने घर था उसी समय उसका भतीजा प्रार्थी की माँ को गालिया दे रहा था। प्रार्थी द्वारा जब उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये प्रार्थी को चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी भतीजे के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# शारदेय नवरात्र पर्व के चलते बाजार में हुई रौनक, नगर में जगह जगह सजे पंडालों में विराजेगी माँ जगदम्बे की प्रतिमाएं, सुबह की बेला में देवी मंदिरों पर जल ढारने वाली महिलाओं की उमड़ेगी भीड़..





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

पितृपक्ष के चलते बीते हुये 15 दिनों से बाजार में आया ठहराव रविवार को समाप्त होते हुये दिखाई देना शुरू हो गया है। क्योंकि आज से शुरू हो रहे शारदेय नवरात्र पर्व के चलते जब बाजार में रौनक की वापसी हुई। इस समय नवरात्र की शुरूआत होने के कारण बाजार में फलहारी सामग्री सहित माँ भगवती के चित्रों, पूजा सामग्री व मातारानी की झांकियाँ सजाने के सामान की जोरदार बिक्री जोरो पर दिखाई दे रही है। वही दूसरी ओर हिन्दू धर्मावलंबियों में माँ भगवती के दर्शन, पूजन का उल्लास दिखाई दे रहा है। इस समय पड़ ही तेज धूप के चलते लोगों को गर्मी का अहसास होते हुये दिखाई दे रहा है । मगर अचानक आसमान पर काले बादल छाने के बाद बारिश को लेकर आम लोगों सहित दुर्गा समितियों में भी चिंता देखने मिल रही है। क्योंकि जहां किसानों के खेतों में सोयाबीन फसल तैयार हो चुकी है यदि बारिश का क्रम नही रूकता है तो वह खराब होने से नही बच पायेगी। इसी प्रकार से दुर्गा समितियों को भी बारिश को लेकर चिंता में देखा जा रहा है। अनेक जगहों पर खुले मैदान में देवी प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। यदि बारिश होती हे तो उनके द्वारा बनाई गई झांकिया खराब होने से नही बच पायेगी। इस तरह देखा जा रहा है कि तेज तपन के बीच रात के समय ठंडक से राहत मिल रही है। जिसके चलते लोगों में माँ जगत जननी के प्रति लोगों के उत्साह में कोई कमी दिखाई नही पड़ रही है और दुर्गोत्सव समितियों से जुडे युवा दुर्गा पंडालों को रोशनी से जगमगाने तथा मातारानी की प्रतिमाओं की स्थापना व माताओं, बहिनों को सुविधाएं देने की व्यवस्थाओं की तैयारियाँ करने में जुटे हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर में जहां तहां बनाई जा रही प्रतिमाओं के निर्माण स्थलों पर लोगों को देवी प्रतिमाओं को स्थापना स्थल ले जाने के लिए भीड़ देखी गई। इसी के चलते ट्रेक्टर ट्रालियों से लेकर बड़े बड़े वाहनों में देवी प्रतिमाओं को ले जाने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। गौरतलब है कि आज सोमवार को अश्विन मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शारदेय नवरात्र पर्व प्रारंभ हो रहा है, जिसमें इस बार 10 दिन तक चलने वाले नवरात्र से माँ भवानी के भक्तों को मातारानी के दर्शन, पूजन, उपासना तथा उन्हें जल अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। बताया जाता है कि इस वर्ष शारदेय नवरात्र के अवसर पर आज सोमवार को शहर में लगभग 60 से अधिक स्थानों पर घट स्थापित कर माँ जगदम्बा की मनोहारी प्रतिमाएं स्थापित की जायेगी जिससे नगर व क्षेत्र पर बुरी नजर रखने वाले राक्षसों का माँ की शक्ति के चलते विनास हो जावेगा और माता रानी फिर एक बार क्षेत्रवासियों पर अपना आर्शीवाद बरसाते हुये नजर आवेगी। क्योकि माता के आर्शीवाद के चलते यह क्षेत्र सदा ही खुशहाली के बीच झूमते हुये नजर आता है और माँ क्षेत्रवासियों की रक्षा को लेकर सदा ही अपने मंदिर के द्वार खोलकर आर्शीवाद बरसाने में कोई कसर नही छोड़ती है। वही आज से देवी मंदिरों में मातारानी को जल ढारने वाली माताओं, बहिनों, पुरूष, युवाओं की भीड़ उमडेगी, वही घरों में भी व्रत रख श्रद्वालु माँ भवानी की पूजा, अर्चना कर उनका आर्शीवाद प्राप्त करेगे। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा का उत्साह के शारदेय नवरात्र पर्व के हर दिन विशेष महासंयोग रहेगे, जिनमें मातारानी की भक्ति शुभ फलदायी रहेगी। विदित हो कि शारदेय नवरात्र पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के मद्देनजर नपा एवं पुलिस प्रशासन की ओर से चाकचौबंद व्यवस्थाएं रहेगी तथा समाजसेवी संस्थाओं द्वारा श्रद्वालुओं को प्रसाद व शुद्व पेयजल वितरित करने के लिए जगह जगह स्टाल लगाये जायेगे। शहर के विद्वान पंडितों का कहना है कि शारदेय नवरात्र माँ दुर्गा की साधना का पर्व है। इस पर्व में भक्तों को सांसारिक हलचलों से दूर रहकर मातारानी की आराधना में लीन रहना चाहिए तथा सुबह, शाम व रात में दुर्गा सप्तशती, दुर्गा चालीसा का पाठ कर माँ जगदम्बा को प्रसन्ना करना चाहिए। क्योंकि माँ भवानी के आर्शीवाद के चलते लोगों के अनेक संकट चंद मिनिटों में गायब हो जाते है। वही बताया जाता है कि इस वर्ष नवरात्र की शुभारंभ सोमवार के दिन से होने के साथ माँ दुर्गा हाथी पर सबार होकर आने को लेकर काफी शुभ बताया जात रहा है।



## नगर पालिका परिषद में सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का किया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय नगर पालिका परिषद् में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित सभापति शुभम ठाकुर व मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख सहायक यंत्री/नोडल अधिकारी सत्यम जाट के मार्गदर्शन में शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान (सेवा पखवाड़ा) 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक चलाया जा रहा है । इस देवा अभियान के तहत रविवार 21 सितंबर को निकाय के मंगल भवन में सफाई मित्रों को स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस शिविर में सिविल अस्पताल गाडरवारा के चिकित्सकीय दल के द्वारा निकाय के सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। वही स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉ पटैल, डॉ. ढिमोले के अलावा महिला चिकित्सक डॉ. कांची सोनी, लेब टेक्नी. पुष्पेन्द्र पटैल, एन.एन.एम. सरोज प्रजापति, वार्डवॉय मनोज साहू, के संयुक्त टीम के द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। वही शिविर में नगर पालिका से संजय श्रीवास सेनेटरी इंस्पेक्टर, अजय बाल्मीक स्वच्छता पर्यवेक्षक, पंकज पटैल कम्प्यूटर ऑपरेटर, सफाई सुपर वाईजर करण घारू, आकाश पिपरहा, प्रियंका बाल्मीक भी उपस्थित रहें। शासन के दिशानिर्देश के परिपालन में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन नगर के 24 वार्डो में आगामी दिवसों में विशेष सफाई अभियान, स्वच्छता जागरूकता गतिविधियॉ, स्वच्छता रैली, स्वास्थ्य शिविर, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, नाला नालिया की सफाई, जल स्त्रोतों जैसे शक्कर नदी छिड़ाव घाट, शंनि मंदिर तालाब की सफाई अभियान चलाया जावेगा। जिसके अभियान के समापन 02 अक्टूबर को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जावेगा।

# ककरा घाट रोड़ से भारी भरकम ट्रालाओं के परिचालन पर प्रतिबंध संबंधी अधिकारियों को भरोसा साबित हुये झूठा, बेलगाम ट्राला ने आधा दर्जन गायों को कुचला, फैला आक्रोश





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

क्षेत्र की सड़को पर एनटीपीसी से निकलने वाली राख सहित गोटीटोरिया से कोयला खदान से कोयला लेकर दौड़ रहे भारी भरकम डम्फरों ट्रालाओं की मनमानी के चलते प्रतिदिन क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की खबर आना आम बात होती चली जा रही है। इस तरह ओवर लोड होकर बेलगाम गति से दौड़ने वाली इन वाहनों के चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्णरूप से खतरे में दिखाई देने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर क्षेत्र की सड़को की दुर्गति होने से नही बच पा रही है। मुख्य रूप से देखा जावे तो गाडरवारा से होते हुये तेंदूखेड़ा की ओर ककरा घाट मार्ग से निकलने वाले इन ट्रालाओं का हाल यह बना हुआ है कि इस सड़क की चौड़ाई इन ट्रालाओं के लाइक नही होने के बाद भी यहां से दौड़ने का परिणाम है कि आये दिन घटनाये घटित होना आम बात हो चुकी है। कुछ इसी प्रकार से लगभग 6 माह पहले ककरा घाट वाले मार्ग पर एक ट्राला की चपेट में दो युवकों की मौत होने के बाद जब ग्रामीणों द्वारा चकाजाम करते हुये अपना विरोध प्रदर्शन किया गया था। उस समय अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के लोगों को पूरा भरोसा दिलाया गया था कि यह भारी भरकम ट्राला इस मार्ग से नही निकलेगे। यह भरोसा लगभग एक माह तक तो कायम होते हुये देखा गया। मगर पहुंच रखने वाले लोगों के ट्राला होने के कारण शायद अधिकारियों को भी अपने घुटने टेकने के लिये मजबूर होना पड़ा होगा..? इसी के चलते इस मार्ग से इन भारी भरकम ट्रालाओं के प्रतिबंधित किये जाने का भरोसा झूठा निकला और नवरात्र के पहले यानि की कल रविवार की सुबह पितृमोक्ष अमावस्या के दिन सुबह 6 बजे के लगभग गाडरवारा से ककरा घाट की ओर जाने वाले मार्ग पर एक ट्राला द्वारा इस तरह कोहराम मचाया कि ग्राम चिरह के पास सड़क पर बैठी हुई 6 गायों को कुचल डाला। इस तरह घटना में जहां 3 गायों की मौत मौके पर ही हो गई तो 3 अन्य गायों की स्थिति गंभीर बताई जाती है। इस तरह गायों के खून से लाल हुई सड़क का नजारा जब लोगों से पितृमोक्ष अमावास्या के मौके पर नर्मदाजी स्नान करने जाने वाले लोगों ने देखा तो लोगों की आंखों में आंसू आने से नही चूक पाये। वही दूसरी ओर नवरात्र के ठीक एक दिन पहले घटित हुई इस घटना के चलते लोगों में आक्रोश फैलने से भी नही चूक पा रहा है...? पलोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत घटित हुई इस घटना की सूचना मिलने पर तुंरत मौके पर पुलिस ने पहुंचकर गायों को चुकलने वाले डम्फर ट्राला की खोजबीन शुरू कर दी गई है। मगर अभी तक यह पता नही चल पाया है कि गायों को कुचलने वाला डम्फर कहा का था। वही घटना स्थल की सच्चाई को देखते हुये यह अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि डम्फर की गति कितनी होगी जो इन गायों को चुलते हुये मौके से भागने में सफल हो गया। ज्ञात हो कि गाडरवारा से माँ नर्मदा जी के ककरा घाट होते हुये तेंदूखेड़ा जाने वाले इस मार्ग की चौड़ाई इस तरह की है कि फोर लाईन पर दौड़ने वाले इन डम्फरनुमा ट्रालाओं का भार सहन करने में असमर्थ होने के बाद भी इस मार्ग से दौड़ते हुये देखे जा रहे है। मार्ग की चौडाई कम होने के चलते जब इन डम्फरों के पीछे जा रहा कोई वाहन आगे की ओर निकलने का प्रयास करता है फिर सामने से आने वाला वाहन क्रासिंग करता है तो सड़क दुर्घटना घटित होना आम बात हो जाती है। इसी बात को लेकर अधिकारियों ने 10 मार्च 2025 को घटित हुई एक घटना में दो युवको की मौत के उपरांत यह भरोसा दिलाया गया था कि इस मार्ग से इन भारी वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। मगर वह भरोसा चंद दिनों के बाद टूटते हुये इस मार्ग से भारी भरकम ट्राला फिर धमाचौकड़ी मचाते हुये लोगों सहित पशुओं की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है।

# कौड़िया रोड पर महिला के कान से सोने का जेवर छीनने की घटना ने फैलाई सनसनी, क्षेत्र में इस तरह की घटना पुलिस ने लिये बनी चुनौती






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

क्षेत्र में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के चलते जहां गाडरवारा जिले में अपनी एक अलग पहुंचान बना चुका है। वही दूसरी ओर इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुये लगातार धर पकड़ने मुहिम चलाते हुये आरोपियों को पकड़ने में सफल होते हुये देखी जा रही है। मगर दूसरी ओर बीते हुये शनिवार की शाम जिस तरह गाडरवारा कौड़िया मार्ग पर अज्ञात बाइक चालकों द्वारा मोटर साईकिल पर जा रही एक महिला के कान से सोने की जेबर यानि का झाला छिनकर (स्नैचिंग) करते हुये भागने की घटना ने सनसनी का महौल पैदा करने के साथ साथ पुलिस के लिये एक चुनौती देने में कोई कसर नही छोड़ी गई है..? क्योंकि गाडरवारा क्षेत्र में अनेक प्रकार की अपराधिक घटनाये होते हुये जरूर देखी जा रही थी। मगर इस तरह की घटना काफी लम्बे अंतराल के बाद घटित होने के कारण लोगों में दहशत का महौल दिखाई देने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि शनिवार की शाम लगभग 7 बजे एक महिला अपने परिवार के सदस्य के साथ मोटर साईकिल से कही जा रहा थी। उसी दौरान दो अज्ञात युवक एक बाइक पर सबार होकर आये और मोटर साईकिल पर बैठी हुई महिला के कान से सोने का झाला छीनकर भागने का प्रयास किया गया। इस घटना में महिला का कान कट जाने के कारण जहां खून निकलने लगा। आरोपियों द्वारा महिला के कान में पहने हुये जेबर को छीनने के दौरान जब महिला चिल्लाई तो मोटर साईकिल चल रहे परिवार के सदस्य द्वारा अपनी मोटर साईकिल को जब तक रोका तब तक वह आरोपी भागने में सफल हो गये। वही मुख्य मार्ग पर इस तरह की घटना घटित होने की खबर संपूर्ण क्षेत्र में आग की तरह फैलने के चलते लोगों की भीड़ एकत्र होने से नही चूक पाई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर अज्ञात आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी गई है। मगर अभी तक क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगा हुआ था। मगर लगातार बढ़ रहे सोने के भाव तथा जिस तरह युवा नशे की गिरप्त में समाते चले जा रहे है उसके चलते इस तरह की घटनाये आम बात होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? गाडरवारा से कौड़िया की ओर जाने वाले राष्ट्रीय स्तर का मार्ग होने के चलते जहां एक मार्ग पर दिन भर भीड़ बनी रहती है। इसके बाद भी आरोपियों द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम देने का सहास करना निश्चित तौर से पुलिस के लिये एक खुली चुनौती प्रतीती होने से नही चूक पा रहा है..? क्षेत्र के लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन से मांग की जा रही है कि नगर सहित क्षेत्र के गांवों में बाहर से आये हुये लोगों द्वारा कंबल, कपड़े सहित अन्य प्रकार की सामग्री विक्रय करने के लिये भ्रमण करने वालों पर पैनी नजर रखी जावे। हर साल देखा जाता है कि नवरात्र के दौरान अनेक प्रकार की सामग्री विक्रय करने के लिये आने वाले इन लोगों द्वारा शहर के आसपास अपना डेरा जमा लिया जाता है। आमजन का मानना है कि इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने की हिम्मत कोई क्षेत्र स्तर का व्यक्ति नही जुटा सकता है..? क्योंकि उसे लोग आसानी से पहचान सकते है। निश्चित तौर से इस घटना में किसी बाहरी व्यक्ति के होने की संभावना दिखाई देने से नही चूक पा रही है..?



## पितृमोक्ष अमावस्या पर अपने पुरखों को अंतिम जल तर्पण करते हुये लिया आशीर्वाद, नर्मदा से लेकर नदियों में देखने मिली जल तर्पण करने वालों की भीड़





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जिस प्रकार से कल रविवार को समाप्त हुये पितृ पक्ष के चलते क्षेत्र के नर्मदा तटों के आलवा शहरों के साथ साथ ग्रामीण नदियों में भी अपने पितृों के अंतिम जल तर्पण करने वालों की दिन भर भीड़ देखने मिली। क्योंकि बीते हुये 15 दिनों से चल रहे पितृ पक्ष की समाप्ति बेला में बीते हुये रविवार यानि की पितृमोक्ष अमावस्या के मौके पर निश्चित ही वह लोग पूरे एक साल के लिये अपने पितृों से जुदा होते हुये देखे जा रहे थें, जिन्होंने बीते हुये 15 दिनों तक अपने पूर्वजों की अच्छी सेवा करते हुये उनसे आर्शीवाद ग्रहण किया गया है वह निश्चित तौर से पितृ पक्ष के अंतिम दिवस यानि की पितृमोक्ष अमावस्या पर क्षेत्र की नर्मदा नदी के आलवा शहर की शक्कर नदी के अलावा समीपस्थ बारहाबडा के पास दुधी नदी सहित अन्य नदियो में विद्वमान पंडितों के मार्ग दर्शन में लोगों ने अपने पूरखों को अंतिम जल तर्पण करने के साथ उनका आर्शीवाद लेते हुये उन्हें विदाई दी गई, जिसके चलते दिन भर माँ नमर्दा सहित क्षेत्र के अन्य सभी नदियों में जल तर्पण करने वालों भीड़ भाड़ को आलम दिखाई देता रहा था। पितृपक्ष को लेकर विद्यवान कर्मकांडी ब्राम्हणों सहित बाहरबड़ा निवासी पं. उमा शंकर दुबे, पं. अनंत पुरोहित व गणेश प्रसाद ढिमोले का कहना है कि धर्मग्रंथों के अनुसार हर व्यक्ति को अपने पितरों का श्राद्ध एवं तर्पण करना चाहिए। इससे वे प्रसन्न होते हैं और वंशजों को आशीर्वाद देते हैं। मान्यता है कि गंगा जी के पावन तट सहित गया जी तथा ब्रह्म का पाली (पावन तीर्थ) में पिंडदान करना चाहिए। वही पिंडदान करने के बाद भी प्रत्येक वर्ष पितृपक्ष में तर्पण एवं श्राद्ध अवश्य करना चाहिए, जिससे पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। यदि हम पूर्वजों से दूर होते हैं, पितृ कृपा नहीं रहती तो हमें उनके फलों के नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिये सभी पीढ़ियों को पितृपक्ष में जल तर्पण कर्म एवं श्राद्ध अपनी श्रद्धा अनुसार अवश्य करना चाहिए। जिससे पितरों को मुक्ति मिले एवं वंशजों का आशीर्वाद सदा बना रहे।

## अग्रसेन जयंती के असवार चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम, आज निकाली जावेगी भव्य शोभा यात्रा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के अग्रवाल समाज द्वारा श्री श्री 1008 महाराजाधिराज अग्रसेन जी का जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है । अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज , महिला मंडल, अग्रवाल युवा परिषद ने तीन दिवसीय कार्यक्रम श्री देव बांके बिहारी मंदिर में किये जा रहे है। इसी के चलते बीते हुये दिवस लकी गेम कलेक्ट बैलून प्रतियोगिता आयु 4 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए आयोजित हुई। जिसमें प्रथम स्थान नैतिक एवं द्वितीय स्थान पर आरव रहे । वही दूढ़ते रह जाओगे प्रतियोगिता आयु 9 से 14 वर्ष के बच्चों के रखी गई थी। इसमें प्रथम स्थान पर अनिका गुप्ता व द्वितीय स्थान पर नितेश अग्रवाल रहे । गिलास के अंदर आपके नंबर आयु -15 से ऊपर अविवाहित युवक एवं युवती के लिए रखी गई थी। इसमें प्रथम श्वेता अग्रवाल द्वितीय स्थान पर श्री कुंज रहे । इसी प्रकार से बिंदी गेम 50 वर्ष तक महिलाओ के लिए आयोजित किया गया था जिसमे प्रथम अर्चना अग्रवाल द्वितीय पर रचना अग्रवाल एवं तृतीय स्थान पर श्रद्धा रही । मूंछे हो तो नत्थू लाल जैसी 50 वर्ष से ऊपर सभी महिलाओं के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रथम स्थान पर किरण चाची, द्वितीय रजनी खजांची व तीसरे स्थान पर ममता अग्रवाल रही । मंदिर परिसर में आयोजित इन कार्यक्रमों के दौरान अग्रवाल समाज में काफी उत्साह देखने को मिला रहा है। आज 22 सितम्बर सोमवार श्री श्री महाराजाधिराज 1008 अग्रसेन जी महाराज पूजन, अर्चना एवं प्रसादी वितरण प्रातः 9 बजे से श्रीदेव लक्ष्मीनारायण मंदिर, (लाड़ोमोदन) किया जाएगा । वही दोपहर बाद 4 बजे से श्रीदेव लक्ष्मीनारायण जी मंदिर (लाड़ोमोदन मंदिर) चांवड़ी से शोभायात्रा निकाली जावेगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये श्रीदेव बाँके बिहारी मंदिर राधावल्लभ वार्ड पहुचेगी वहा समापन होगा। वही शाम 6 बजे महाआरती, पुरुस्कार वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के समाज स्तर पर कक्षा 10 वीं एवं 12 वी के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया जावेगा।

खबर संक्षेप

## कोतमा में मालगाड़ी के 3 डिब्बे पटरी से उतरे

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के कोतमा स्टेशन के पास शनिवार की देर रात कोयला लोडिंग के लिए जा रही मालगाड़ी के 3 डिब्बे अचानक पटरी से उतर गये, जिसमें डिब्बे पलट गए। हादसे की जानकारी लगते ही रेलवे विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर एक लाईन साफ कर यातायात रात में ही शुरू कर दिया था अभी कार्य चालू हैं। जानकारी अनुसार जिले के कोतमा स्टेशन के पास शनिवार रात करीब 11:30 बजे गोविंदा सायडिंग के लिए जा रही कोयले से भरी मालगाड़ी अचानक पटरी से उतर गई। हादसे में मालगाड़ी के 3 डिब्बे पूरी तरह पलट गए। हादसा कोतमा स्टेशन से सौ मीटर की दूरी पर हुआ, जहां रात में ही लोगो का हुजूम लग गया। घटना की जानकारी पर रेलवे विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं मरम्मत कार्य शुरू कर कुछ ही देर में एक लाईन से मलबा हटाते हुए प्रारंभ कर दिया। इस दौरान किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं हैं। रेलवे प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अंबिकेश साहू ने बताया कि शनिवार की रात में मालगाड़ी डिरेल हो गई थी, मौके पर टीम पहुंचकर एक लाइन को क्लियर कराया, अभी कार्य जारी है शीघ्र ही पूरा कर यातायात सुचारू रूप से प्रारंभ हो जाएगा। इसमें कोई जनहानि नही हुई है।

## सेवा पखवाड़ा में स्व सहायता समूह कर रहे विविध गतिविधियां

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सेवा पखवाड़ा के दौरान जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहों द्वारा विविध गतिविधियों के माध्यम से अभियान में सक्रिय भागीदारी का निर्वहन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का उद्देश्य समाज में स्वच्छता, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। स्व सहायता समूह के सदस्य स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। अभियान के दौरान समूह सदस्यों द्वारा ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संगठनों के कार्यालयों की साफ सफाई की जा रही है तथा स्वच्छता शपथ, सिंगल यूज़ प्लास्टिक उन्मूलन शपथ भी ली जा रही है। साथ साथ स्व सहायता समूहों द्वारा पोषण अभियान में भी माननीय प्रधानमंत्री जी के आव्हान पर सक्रिय भागीदारी निभाते हुये मोटापे से मुक्ति और खाद्य तेल के उपयोग को कम करने के के लिये सभी को जागरूक कर रही हैं, ताकि सभी का स्वास्थ्य बेहतर हो।

## युवक पर चाकू से हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत नदीपार रविदास तिराहा पर बीते दिनों हुई चाकूबाजी की घटना में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि 10 सितम्बर की रात करीब 8:30 जब दीपक साहू 25 निवासी शिवाजी नगर पर पुरानी रंजिश के चलते छोटू परौहा, रूपेन्द्र ठाकुर व अन्य साथियों ने एकराय होकर जानलेवा हमला किया था। गंभीर रूप से घायल दीपक को पहले जिला अस्पताल और बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ई-रिक्शा चोरी करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

**कटनी।** थाना कोतवाली पुलिस ने बैक्सी कंपनी के वर्कशॉप से चोरी हुए ई-रिक्शा की वारदात का खुलासा कर 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फरियादी कमल पसरीजा ने 17 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी एजेंसी के वर्कशॉप (रचना नगर, नदीपार) से रात्रि में ई-रिक्शा क्र. एमपी-21 ZC-0527 चोरी हो गया। जांच में सामने आया कि वर्कशॉप का पूर्व कर्मचारी विकास तोमर अपने साथी हर्षित रैकवार के साथ ई-रिक्शा की बैटरी और टायर बेचने की फिराक में था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने चोरी की वारदात कबूल करते हुए बताया कि वर्कशॉप की जानकारी होने के कारण उन्होंने योजना बनाकर ई-रिक्शा चोरी किया था।

# स्वच्छ घाट, स्वच्छ नर्मदा मैया





डिंडोरी।

**नर्मदा घाटों की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए विगत तीन वर्षों से सतत चल रहे "मैया अभियान" के अंतर्गत इस वर्ष पुलिस विभाग ने भी सेवा कार्य में सराहनीय योगदान दिया। रविवार प्रातः 7 बजे शंकर घाट (पुल के समीप) पर पुलिस विभाग, शासकीय कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने संयुक्त रूप से सेवादार की भूमिका निभाई।**

सभी प्रतिभागियों ने घाट पर फैली प्लास्टिक, कांच की बोतलें, गंदे कपड़े एवं अन्य प्रदूषित सामग्री को एकत्र कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस सेवा के दौरान लगभग दो ट्राली प्रदूषित सामग्री घाट से हटाई गई।

स्वच्छता सेवा में विशेष रूप से एसडीओपी बजाग विवेक कुमार गौतम एवं थाना कोतवाली डिंडोरी टीआई दुर्गा प्रसाद नगपुरे की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को घाटों को स्वच्छ रखने, एवं नर्मदा जल में मंजन, साबुन, सोडा आदि रासायनिक पदार्थों के उपयोग से बचने की सलाह भी दी गई। सभी उपस्थित जनों ने संकल्प लियाः

**"नर्मदा जल निर्मल बहे, जीवन दे अपार।**
**माँ के चरणों में मिले, सुख-शांति अपार।"**

अभियान में सक्रिय रूप से योगदान देने वाले नियमित सेवादारों में प्रमुख रूप से डॉ. संतोष परस्ते, आर.पी. कुशवाहा, शाहिद खान, जितेन्द्र दीक्षित, मनोज चौकसे, गणेश गवले, रामविशाल मिथलेश, आशीष शिवात्री, ओमवीर जाट, भागवत यादव, आशीष तिवारी, आदिल खान, यथार्थ यादव, अवध गोहिया, संतोष परमार, महेंद्र उचेहरा सहित अन्य सेवादार शामिल रहे। सभी ने अपने श्रम को माँ रेवा को समर्पित करते हुए सामूहिक रूप से संकल्प लियाः

**"मैया अभियान चलता रहे..."**

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हुए विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक ''सेवा पखवाड़ा अभियान'' के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग डिण्डौरी द्वारा 21 सितम्बर 2025 को कलेक्ट्रेट खेल मैदान में सुबह 08:00 बजे से खिलाड़ियों एवं स्टॉफ द्वारा साफ-सफाई की गई एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी प्रकार खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 17 सितम्बर 2025 से लगातार खेलकूद गतिविधियां जिला मुख्यालय के साथ-साथ विकासखण्ड एवं तहसील मुख्यालय स्तर पर स्थानीय खेलों के प्रतियोगिताए आयोजित की जा रही हैं।

इसी तारतम्य में आगामी दिनों में विभाग के द्वारा 25 सितम्बर को एक पेड़ माँ के नाम, 02 अक्टूबर 2025 को स्वच्छता अभियान का आयोजन, योगा, मार्शल आट, कबड्डी एवं स्थानीय लोकप्रिय खेलों की प्रतियोगिताएं अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की जायेगी। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में डिण्डौरी क्लब विजेता एवं शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय डिण्डौरी उपविजेता रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मद अहमद खान खेल और युवा कल्याण अधिकारी रहे। निर्णायक की भूमिका कु. आरती सोंधिया खेल प्रशिक्षक डिण्डौरी, श्रीमती लक्ष्मी बनावल युवा समन्वयक, स्कोरर श्रीमती संतोषी यादव एवं श्रीमती सुनीता धुर्वे मुख्य भूमिका में चेतराम अहिरवार, रोशन बाबू झारिया, राजकुमार धुर्वे, टी सुमन कुमार, नीरज कुमार बच्चैहा अन्य सीनियर खिलाड़ी ने अपना सराहनीय सहयोग दिया।

# अमरपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास करने के आरोपी को भेजा जेल



**अमरपुर।** प्रार्थी भारत सिंह मरावी पिता धन सिंह मरावी उम्र 38 वर्ष निवासी डूंगरिया की सूचना पर की आरोपी छोटू उर्फ सुग्रीव सिंह धुर्वे में अपने पिता कामू और माता कतती बाई को जान से मारने की नियत से सर पर सब्ल से प्राण घात हमला किया है जिसकी रिपोर्ट पर चौकी अमरपुर थाना समनापुर में अपराध क्रमांक 334 / 25 धारा 296,109,115(2),351(3)BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई । वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपी छोटू उर्फ सुग्रीव धुर्वे पिता कामू सिंह धुर्वे उम्र 19 वर्ष निवासी डूंगरिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जिसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी अतुल हरदहा ,प्रधान आरक्षक 221 हरे सिंह, प्रधान आरक्षक 241 राघवेंद्र की भूमिका रही।

# मुख्यालय 85 KM दूर, बुनियादी सेवाओं के लिए करना पड़ता है लंबा सफर

शहपुरा डिण्डौरी।

मध्यप्रदेश का डिंडोरी जिला प्रतिव्यक्ति आय के मामले में सबसे निचले पायदान पर है। यहां की गरीब बैगा आदिवासी जनजाति पहले से ही रोज़मर्रा की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है। एक तरफ बेरोजगारी, आर्थिक तंगी और विकास संसाधनों की कमी है, तो दूसरी ओर इनकी मुश्किलें और बढ़ा देती है 85 किलोमीटर दूर स्थित जिला मुख्यालय डिंडोरी।

गरीब आदिवासी जब किसी शासकीय कार्य के लिए निकलते हैं तो उन्हें पूरा दिन इसी भागदौड़ में गंवाना पड़ता है। मजदूरी करने वाले आदिवासी का मतलब है – उस दिन की मजदूरी खत्म, ऊपर से बस-भाड़े का खर्चा अलग। यानी गरीबी के बीच उन्हें सरकारी काम कराने के लिए और भी अधिक आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है।

**विधानसभा में उठा मुद्दा, लेकिन समाधान नहीं**

डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम ने भी विधानसभा में यह मुद्दा उठाया कि डिंडोरी सबसे कम प्रतिव्यक्ति आय वाला जिला है और यहां के लोग बदहाली में जी रहे हैं। लेकिन अफसोस, सरकार की तरफ से अभी तक ठोस पहल नहीं हुई।




**दूरस्थ जिला मुख्यालय विकास में बाधा**

मानिकपुर, धिरवन, ददरगांव, बिछिया, कनेरी जैसे गांवों के लोगों को शहपुरा से डिंडोरी तक 75 से 85 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। यातायात के साधन सीमित हैं, रेल मार्ग तक नहीं है, उद्योग-धंधों का नामोनिशान नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या आदिवासी क्षेत्रों को विकास से वंचित रखना ही सरकार की नीति बन गई है?

**शहपुरा को जिला बनाने की मांग**

यह मांग नई नहीं है। वर्षों से शहपुरा क्षेत्र के लोग प्रशासनिक सुविधा के लिए इसे जिला बनाने की मांग कर रहे हैं। यदि शहपुरा जिला बने तो न केवल सरकारी कार्य यहीं पूरे होंगे बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

**सरकार को सोचना होगा**

आज जब सरकारें समृद्ध और संपन्न क्षेत्रों को और भी चमकाने में जुटी हैं, तब सबसे गरीब बैगा आदिवासियों के लिए जिला मुख्यालय तक पहुंचना भी किसी सजा से कम नहीं।अगर सरकार वास्तव में विकास सबका का दावा करती है, तो उसे पहले शहपुरा जैसे उपेक्षित क्षेत्रों की पीड़ा समझनी होगी और अविलंब शहपुरा को जिला बनाने का निर्णय लेना होगा।

# शारदेय नवरात्र पर करौंदी में देवी महिमा का भव्य आयोजन

**श्रीमद् देवी भागवत महापुराण वाचन और महाआरती से श्रद्धालु होंगे आस्था से परिपूर्ण**




**शहपुरा न्यूज ।** शारदेय नवरात्र के पावन अवसर पर शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम करौंदी के शिवशक्ति चौक में भव्य धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए पौराणिक कथाओं और भक्ति रस से परिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### श्रीमद देवी भागवत महापुराण का वाचन

नवरात्र के अवसर पर पौराणिक पंडित शुकदेव द्विवेदी शास्त्री जी (धनुआसागर वाले) द्वारा श्रीमद देवी भागवत महापुराण का वाचन किया जाएगा। वाचन के दौरान माता दुर्गा की कथा का वर्णन किया जाएगा और श्रद्धालु देवी भक्ति के माध्यम से पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। आयोजन समिति का कहना है कि इस धार्मिक आयोजन में सभी उम्र के लोग भाग लेकर माता रानी की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

### भव्य महाआरती

इसके अतिरिक्त, ओमकारा दल के युवाओं द्वारा नवरात्र की सप्तमी, अष्टमी और नवमी को भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। महाआरती के दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप और भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धालु सामूहिक रूप से माता रानी की आराधना करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि यह परंपरा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जारी रहेगी और स्थानीय युवाओं के सक्रिय योगदान से यह और भी भव्य रूप लेगी।

### श्रद्धालुओं के लिए आह्वान

आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इन दिव्य कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शामिल हों। समिति का कहना है कि नवरात्र के इस पावन अवसर पर माता रानी के प्रति आस्था व्यक्त करना और उनके वचन सुनना हर भक्त के लिए अत्यंत पुण्यकारी है।इस आयोजन के माध्यम से करौंदी में नवरात्र उत्सव को और अधिक भक्तिमय और आध्यात्मिक बनाने की तैयारी की जा रही है।

# आगामी नवरात्र को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**शहपुरा।** आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर शहपुरा पुलिस थाना परिसर में आज शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, एसडीओपी अमित तिवारी नगर परिषद सीएमओ विकेश कुमार कुमरे तथा थाना प्रभारी अनुराग जामदार ने नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में नवरात्रि उत्सव के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।जानकारी अनुसार इस बार दशहरा चल समारोह में कुछ चिन्हित मूर्तियां ही नगर के अंदर भ्रमण के लिए जावेगी इसके अलावा अन्य मूर्तियों का भ्रमण नगर के मुख्य मार्ग पर होगा,रावण दहन कार्यक्रम नगर के स्टेडियम में शाम को होगा

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि नवरात्रि धार्मिक आस्था और श्रद्धा का पर्व है। इसे सभी समुदायों को साथ लेकर आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना चाहिए। एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने उपस्थित नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग संयम और सहयोग की भावना के साथ त्योहार मनाएं ताकि क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनी रहे। दुर्गा पंडालों के लिए दिशा-निर्देश नवरात्रि पर्व पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले दुर्गा पंडालों को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए। आयोजकों को टेंट मालिक का नाम प्रशासन को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही पंडालों में किसी भी प्रकार के फूहड़, अश्लील या उत्तेजक गाने बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। केवल धार्मिक और भक्ति गीत ही बजाए जा सकेंगे। डीजे पर रहेगा प्रतिबंध पुलिस प्रशासन ने साफ निर्देश दिए हैं कि नवरात्रि पर्व के दौरान डीजे का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग केवल रात 10 बजे तक ही किया जा सकेगा और वह भी कम ध्वनि स्तर पर। तेज आवाज और अधिक शोर-शराबा करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। डीजे पर रहेगा प्रतिबंध पुलिस प्रशासन ने साफ निर्देश दिए हैं कि नवरात्रि पर्व के दौरान डीजे का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग केवल रात 10 बजे तक ही किया जा सकेगा और वह भी कम ध्वनि स्तर पर। तेज आवाज और अधिक शोर-शराबा करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। शराबियों का प्रवेश वर्जित बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दुर्गा पंडालों एवं आयोजन स्थलों पर शराबी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में पंडाल में प्रवेश करता है तो आयोजक समिति और पुलिस उसे बाहर कर कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। कानूनी कार्रवाई की चेतावनी अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि दिए गए नियमों का पालन न करने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, त्योहार के समय असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

# अमरकंटक में बंदरों का बढ़ता आतंक

**लाल और काले मुंह के बंदरों की बढ़ती संख्या से जनजीवन हो रहा प्रभावित**

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक, जहाँ नर्मदा, सोन और माई की बगिया जैसी आस्था स्थली स्थित हैं, इन दिनों एक नई समस्या से जूझ रही है। यहाँ लाल और काले मुंह वाले बंदरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। बंदरों का झुंड मंदिर परिसरों, आवासीय क्षेत्रों और पर्यटक स्थलों में बेधड़क घूम रहा है, जिससे आम नागरिकों और श्रद्धालुओं का जीवन प्रभावित हो रहा है।**

### लगातार शिकायतें दर्ज

वन विभाग के अनुसार, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर हाल ही में दर्जनों शिकायतें आई हैं। इनमें बंदरों द्वारा लोगों को घायल करने, घरों से



भोजन सामग्री चुराने और पर्यटकों को डराने जैसी घटनाएं प्रमुख हैं। बंदरों की बढ़ती संख्या लोगों की सुरक्षा और शांति दोनों के लिए चुनौती बन रही है।

### अब स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी

गौरतलब है कि वर्ष 2022 में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 में संशोधन के बाद लाल मुंह वाले बंदरों को अनुसूची से बाहर कर दिया गया है। पहले इनको पकड़ना वन विभाग का दायित्व था, लेकिन अब यह जिम्मेदारी स्थानीय निकायोंकृ नगर परिषद, नगर निगम और ग्राम पंचायतों पर है। वन विभाग के उप सचिव द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बंदरों को पकड़ने के लिए वन विभाग की अनुमति आवश्यक नहीं। कार्यवाही स्थानीय निकाय व प्रशिक्षित संस्थाओं के सहयोग से की जा सकती है। कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी आवश्यक कदम उठाने के लिए अधिकृत हैं। वन विभाग ने प्रशासन को चेताया है कि लोगों के जीवन और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तुरंत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि अमरकंटक आने वाले पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों राहत की सांस ले सकें। यदि समय रहते प्रभावी कदम न उठाए गए तो बंदरों की बढ़ती संख्या धार्मिक नगरी की शांति और पर्यटन दोनों पर असर डाल सकती है।

## अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें साज-सज्जा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आज से शारदेय नवरात्रि के प्रारम्भ हो रहा है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मां दुर्गा के पंडालों के लिए अस्थायी कनेक्शन देने के लिए विद्युत वितरण कंपनियों ने माकूल प्रबंध किए हैं। वितरण केन्द्र अनूपपुर शहर व ग्रामीण के कनिष्ठ अभियंताओं ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे नवरात्रि के पर्व में दुर्गा मां के पंडालों एवं झाँकियों में बिजली से साज-सज्जा, नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें। अस्थाई कनेक्शन लेने के लिये बिजली कंपनी के एप स्मार्ट बिजली पर जाकर निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थायी कनेक्शन के लिये ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते हुये एक कापी कार्यालय को देवें।

# व्यवस्थाओं और व्यवहार से आक्रोशित एकलव्य विद्यालय के छात्रों ने किया सड़क जाम



**डिंडोरी।** जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं और शिक्षकों के कथित अमानवीय व्यवहार के विरोध में सोमवार को छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित छात्रों ने मंडला रोड पर पहुँचकर सड़क जाम कर दिया, जिससे करीब एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। छात्रों ने आरोप लगाया कि विद्यालय के प्राचार्य एवं अधीक्षक उनके साथ अनुचित व्यवहार करते हैं। छात्रों का कहना है कि उन्हें आए दिन जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया जाता है और कई बार शारीरिक प्रताड़ना भी दी जाती है। इन परिस्थितियों से परेशान होकर उन्होंने विरोध का रास्ता अपनाया।सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों से संवाद स्थापित कर स्थिति को शांत कराया। अधिकारियों ने छात्रों की बात गंभीरता से सुनने के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।फिलहाल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विद्यालय प्रबंधन की भूमिका और आरोपों की पुष्टि के लिए संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है। इस घटना से विद्यालय की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## समाज को तैयार करने की जिम्मेदारी राजनेताओं व प्रबुद्धजनों कीं: मंत्री श्री पटैल

# भाजपा का जिला स्तरीय प्रबुद्धजन संवाद सम्पन्न









**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रबुद्धजन संवाद केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, महेन्द्र नागेश, सेवा पखवाड़ा जिला प्रभारी हरिप्रताप ममार, वरिष्ठ कवि गुरू प्रसाद सक्सेना की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा दल है जो समाज के बीच रहकर समाज हित का कार्य करती है और उन कार्यों के मूल्यांकन हेतु समय समय पर प्रबुद्धजनों से संवाद करती है। मेरे कार्यकाल में अभी तक तीन प्रबुद्धजन सम्मेलन हुए है जिनमें आप सभी ने उपस्थित होकर आशीर्वाद दिया है।

### सरकार ले रही जनहितैषी निर्णय

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों के दौरान भारत माता के यश को ऊंचाई पर ले जाने का कार्य किया है। मोदी सरकार जनमत के आधार पर जनहितैषी निर्णय ले रही है। पहलगांव हमले के बाद पाकिस्तान से हुए युद्ध में सम्पूर्ण विश्व ने भारत की ताकत देखी हमने बिना किसी पाकिस्तानी नागरिक को नुकसान पहुंचाए अचूक हमला किया और बिना किसी दबाव के निर्णय लेते हुए पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर किया यह आपके मत की ही ताकत है जिसके आधार पर सरकार निर्णय लिया। इस युद्ध के दौरान विश्व ने आत्मनिर्भर भारत के स्वदेशी हथियारों की ताकत भी देखी जिन्होंने आतंकवादियों के ठिकानों को तबाह किया। मोदी सरकार लगातार भारत को आत्मनिर्भर व विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। मोदी सरकार आत्मनिर्भर भारत के नारे ही नहीं लगाती बल्कि उसे जमीन पर उतारने का कार्य करती है। हमें गर्व है सरकार के मुखिया देश के प्रधानमंत्री मोदी जी पर जिन्होंने रणनीति कूटनीति विदेश नीति के आधार पर भारत का मान सम्पूर्ण विश्व में बढ़ाया।

### प्रबुद्धजनों से किया आव्हान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल द्वारा प्रबुद्धजनों से आव्हान करते हुए कहा कि समाज को तैयार करने की जिम्मेदारी राजनेताओं के साथ ही प्रबुद्धजनों की भी है जो समय समय पर समाज को सही दशा और दिशा प्रदान करते है। भाजपा एक मात्र ऐसा दल है जो बुद्धिजीवियों से संवाद वोट हेतु नहीं अपितु सरकार की नीतियों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की हकीकत जानने हेतु करती है। उन्होंने इजराइल का उदाहरण देते हुए कहा कि इजराइल आत्मनिर्भर देश है और वहां के लोग देश के साथ है इसलिए इजराइल लगातार युद्ध लड़ पा रहा है क्योंकि युद्ध के दौरान दवाईयां, पैसे, अनाज, हथियार, देश भक्त और वैचारिक प्रतिबद्धता वाले नागरिक सरकार के हर निर्णय के साथ है। और उन्हें दिशा देने का कार्य समाज के प्रबुद्धजन कर रहे है ठीक इसी प्रकार भारत में भी आप सभी प्रबुद्धजनों को अपनी शक्ति पहचानते हुए समाज को सही दिशा व वैचारिक शक्ति प्रदान करना चाहिए जिससे भारत विश्व की आर्थिक, राजनैतिक, सैन्य, आत्मनिर्भर महाशक्ति बन सके और जब आजादी के 100 वर्ष पूर्ण हों तक हम सत प्रतिशत आत्मनिर्भर हों। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी व आभार हरिप्रताप ममार ने किया।

### स्वास्थ्य परिक्षण व रक्तदान शिविर आयोजित

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नरसिंहपुर विधानसभा के सिंहपुर मंडल स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, मंडल अध्यक्ष राघवेन्द्र जाट की अध्यक्षता, जुगलकिशोर शर्मा, तोड़ल नामदेव, उपेन्द्र महाजन, अभिजीत महाजन, सरपंच देवलाल पाल, श्रीकांत श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शिविर के दौरान उपस्थित जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न रोंगों की जांचे जैसे ब्लड प्रेशर, सुगर, यूरिन, सिकिल शेल एनिमिया और अन्य खून की जांचे की गई एवं रोगियों को निशुल्क दवा का वितरण कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। शिविर उपरांत मंडल के 11 रक्तवीर कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान कर सेवा पखवाड़े में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया।

## खबर संक्षेप

### मरीजों को किए फल वितरित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस आशादीप सामाजिक सांस्कृतिक सूत्र के पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल में फल वितरित कर मरीजों का कुशलक्षेम जानते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर संस्था के मनीष नेमा, मुकेश नेमा, कैलाश पटेल, गौरव उदेनिया, राकेश राणा, रीतेश राय, विवेक जोशी, जीतू रैकवार आदि मौजूद रहे।

### खट्टा मुंह कराकर दी पुरखों को विदाई



**नरसिंहपुर।** बीते 15 दिनों से लोगों द्वारा पितृ तर्पण किया जा रहा था। आज इसी क्रम में पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन पुरखों को खटाई से खट्टा मुंह कराकर विदाई दी गई एवं समस्त जीव जन्तु के सुख समृद्धि की कामना की गई। पितृ ऋण से मुक्ति के पर्व पितृपक्ष का समापन 22 सितंबर सोमवार को सर्व पितृ अमावस्या पर हुआ। इस दिन उन पितरों का भी श्राद्ध किया किया गया जिनके निधन की तिथि ज्ञात न हो। ज्योतिर्विदों के मुताबिक इस मंगलकारी संयोग में पितरों का तर्पण और दान से घर में सुख शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। सर्व पितृ अमावस्या पितृ पक्ष का आखिरी दिन होता है। इसे विसर्जनी अमावस्या भी कहा जाता है। इस दिन उन सभी पितरों का तर्पण श्राद्ध किया जाता है जिनकी तिथि हम भूल चुके होते हैं या ज्ञात नहीं होती। अश्विन मास की अमावस्या का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है।

### शारदेय नवरात्र का आरंभ आज से



**नरसिंहपुर।** आज से शारदेय नवरात्र प्रारंभ हो रहे है वही नगर में घरों . घर साफ .सफाई के साथ मातारानी के आगमन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है एवं भाव. भक्ति के साथ नौ दिन माता का पूजन अर्चन किया जावेगा। भक्तों द्वारा माता रानी की प्रतिमा विराजमान करने के लिये मनमोहक झांकिया के साथ पंडाल सजायें जा रहे। वही मां की प्रतिमाओं के निर्माता कलाकरों द्वारा भी अंतिम स्वरूप देने की तैयारी जोरो पर है। शारदेय नवरात्र के पथम दिवस मां शैलपुत्री का पूजन अर्चन किया जावेगा। वही कुछ मंडलों द्वारा माता की जोरदार आगवानी की गई। जिले भर में नवरात्रि की गूंज सुनाई दे रही है।

### दिव्यांग बच्चों का मूल्यांकन शिविर आज

**तेंदूखेड़ा** जनपद शिक्षा केंद्र चांवरपाठा में आज 22 सितम्बर को सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बीआरसी ने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की औपचारिक पहचान व मूल्यांकन के बाद चिन्हित बच्चों को उपकरण दिए जाएंगे। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर के सहयोग से विकासखंड स्तर पर आयोजित इस शिविर में कक्षा 1 से 8 तक के दिव्यांग बच्चों को लाभ मिलेगा। समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठको को निर्देशित किया गया है कि अपने विद्यालय में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को उपस्थित करना सुनिश्चित करें ।शिविर में बच्चों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी दो पासपोर्ट फोटो समग्र आईडी कार्ड आय प्रमाण पत्र दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बीपीएल कार्ड यूआईडी कार्ड आदि लेकर आना होगा।शिविर में दिव्यांग बच्चों को भोजन एवं परिवहन भत्ता नगद दिया जावेगा।

## ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लास फेडरेशन का अधिवेशन संपन्न



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लास फेडरेशन पिछड़ा वर्ग दिल्ली का प्रथम अधिवेशन आयोजित किया गया कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक शिक्षाविद एवं राष्ट्रपति पदक प्राप्त डॉक्टर आर पी साहू प्रांतीय अध्यक्ष के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री जगदीश सिंह यादव युवा संभागीय अध्यक्ष शहडोल डॉक्टर पूरन सिंह , डॉक्टर विजय, उमेश गोलहानी के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में भारतीय संसद व विधायिका में प्रवेश का रास्ता पिछड़े वर्गों की एकता से ही सम्भव हमारा एक एक वोट कीमती है। आओ हम सामाजिक न्याय व सशक्तिकरण के लिये इसका इस्तेमाल करेंष के नारे लगा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर आर पी साहू ने बताया कि संविधान में पिछड़े वर्ग अर्थात अ.जा., अ.ज.जा. व अन्य पिछड़ा वर्ग, कुल मिला कर भारत की जनसंख्या का 78ः हैं, 3000 वर्षों तक इन वर्गों को शिक्षा तथा इनके पसन्द के रोजगारों से इन्हें वंचित रखा गया तथा इन्हें उच्च जाति की सेवा करने के लिये बाध्य किया गया, यह एक सच्चाई है कि इन्हें बराबरी के अवसरों से दूर रखा गया और यहां तक कि इन्हें अपनी योग्यता प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं दी गई, इससे ये वर्ग ना सिर्फ पिछड़े रहे और उच्च जातियों के चंगुल में फंसे रहे, बल्कि इस कारण से ये देश भी पिछड़ा रहा। कार्यक्रम के दौरान अनेक समाज की हस्तियों का एवं विभिन्न विधाओं में पारंगत व्यक्तियों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लास फेडरेशन ने नियुक्ति की जिसमें अनेको पदों पर नियुक्ति पत्र व आई डी कार्ड प्रदान किए गए।

## नवभारत साक्षरता परीक्षा कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस साक्षरता एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बरहटा में उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा संकुल केंद्र बरहटा के अंतर्गत 28 सामाजिक चेतना केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें कुल 1041 पंजीकृत शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का संचालन एवं संपूर्ण व्यवस्थाएँ नोडल अधिकारियों, शिक्षकों एवं अक्षर साथियों के सहयोग से विधिवत सम्पन्न हुईं। प्रत्येक केंद्र पर परीक्षा को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए विकासखंड के अधिकारियों, संकुल प्राचार्य एस. के. बक्शी एवं उनकी टीम तथा संकुल सह समन्वयक साक्षरता द्वारा सघन मॉनिटरिंग की गई। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा क्षेत्र में साक्षरता के स्तर को ऊँचाई देने और समाज में जागरूकता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन में योगदान देने वाले सभी नोडल अधिकारियों, शिक्षकों एवं अक्षर साथियों के प्रति हृदयपूर्वक आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। यह कार्यक्रम नवभारत साक्षरता मिशन के उद्देश्यों की प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है।

## एच-1बी इमीग्रेशन एण्ड नैशनॅलिटी ऐक्ट ट्रंप का भारत पर एक और आर्थिक हमला= डॉक्टर प्रहलाद सिंह पटेल

गोटेगांव




(Immigration and Nationality Act) की धारा 101 (ए)(15)(एच) के अंतर्गत संयुक्त राज्य अमरीका में एक गैर-आप्रवासी वीज़ा है। यह अमरीकी नियोक्ताओं को विशेषतापूर्ण व्यवसायों में अस्थायी तौर पर विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। भारत के हजारों योग्य नागरिक अमेरिका की अनेक कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रहे है, अब तक इस वीजा के लिए 1000 एक हजार डॉलर चुकाना पड़ता था परंतु ट्रंप ने भारत पर पुनः हमला करते हुए भारतीय प्रोफेशनल लोगो को 100000/ एक लाख डॉलर अर्थात 8800000/ अठासी लाख तक चुकाने होंगे, वैसे यह राशि उस कंपनी को चुकाना होगा जिसमे वह भारतीय नागरिक कर्मचारी के रूप में सेवाएं दे रहा होगा, इससे कंपनिया भारतीय नागरिक की जगह किसी और देश के कर्मचारी को कंपनी में रखेगा जिससे भारत में बेरोजगारी और विदेशी आय दोनो पर असर होगा।इस विषय पर यदि गंभीरता से विचार करेंगे तो इस प्रकार की कार्यवाही का मूल कारण थोड़ा अलग समझ आता है, अमेरिका जब कोई देश की सरकार उसके अनुकूल नहीं होती तो वह उस देश पर सीधा सैनिक हमला कर अपनी कठपुतली सरकार बनाता है अथवा उस देश के सरकार विरोधी समूह को प्रोत्साहित कर गृह युद्ध कर सरकार पलटता है, गृह युद्ध जैसी स्थिति निर्मित करने अमेरिका सभी प्रकार के जायज और नाजायज तरीके इस्तमाल करता है, भारत सरकार के साथ भी वैसा ही व्यवहार करता दिख रहा है, भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, बेरोजगारी बढ़ाना, विपक्ष को फंडिंग और सहयोग कर अराजकता फैलाना, अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाना, मीडिया में झूठी खबरें फैलाना आदि। अभी वह दो मोर्चो पर भारत को घेर रहा है पहला प्रतिबंध जैसे टैरिफ तथा एच–1बी वीजा की राशि बढ़ाना, और दूसरा विपक्ष को नागरिकों को बहकाने और बरगलाने वाली झूठी बातों को फैलाना उदाहरण वोट चोर गद्दी छोड़, किसान आंदोलन, कानून सुधार का विरोध खासकर मुस्लिम समाज की समस्याओं जैसे वक्फ बोर्ड सुधार आदि बातों तथा अमेरिका की कार्यवाही पर सरकार के विरोध में खड़े होना आदि, अभी तक तो भारतीय लोगो ने मोदी सरकार का समर्थन तथा योजनाओं पर लगातार अपना समर्थन प्रदर्शित किया है, उदाहरण के लिए राहुल गांधी ने भारत में भी जेन जी अर्थात युवाओं द्वारा विद्रोह कर रोड पर आने की बात कहना फिर भी भारतीय विद्यार्थी और युवा मोदी और राष्ट्रवादी लोगो के साथ दिखता है छात्र विंग एबीवीपी की दिल्ली विश्वविद्यालय और हैदराबाद में जीत।भारत एक विशाल और प्राचीन लोकतंत्र है, परंतु भारत के विपक्ष में जब से सोनिया और राहुल का नेतृत्व आया है तब से सत्ता प्राप्ति के लिए यह सभी गैरकानूनी हथकंडे अपनाने और विदेशी देशों से सहयोग लेकर विद्रोह की बाते करते है। सभी भारतीयों को इन जैसे दल और नेताओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है, अमेरिका की हरकतों से सतर्कता आवश्यक है तथा अमेरिका के दबाव का विरोध कर सफल होने के लिए स्वदेशी और स्वावलंबी बनाने की आवश्यकता है, सभी भारतीयों को भारत में बनी वस्तुओ का उपयोग जीवन में बढ़ाना चाहिए तथा देश द्रोही दल और नेताओं का साथ न देकर भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने में मोदी जी का साथ देना चाहिए। भारत माता की जय एक्सपर्ट व्यू *डॉक्टर प्रहलाद सिंह पटेल कीड़ा अधिकारी शासकीय साइंस कॉलेज जबलपुर



## दुर्गा पंडालों में समीति के सदस्य रात्रि में रहें उपस्थित *पुलिस की हर गतिविधि पर रखी जायेगी पैनी नजर

**तेंदूखेड़ा** शक्ति साधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व को भक्तिभाव धूमधाम से मनाये जाने को लेकर विगत दिनों पुलिस थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों की नगर की विभिन्न दुर्गा समीति के सदस्यों और डीजे साउण्ड सर्विसेज संचालकों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें शक्ति साधना के महापर्व को भक्तिभाव से धूमधाम से हर्षोल्लास पूर्वक मनाये को लेकर एस डी ओ पी श्री दुबे एवं नगर निरीक्षक सौरभ पटेल ने बताया कि नगर में बनने वाली सभी दुर्गा झांकियों में सभी सदस्यों को रात्रि के समय पांडालों में रुकना जरुरी है वहीं कोई भी आपत्तिजनक गतिविधियां संचालित नहीं होनी चाहिए और हर वर्ग के लोगों को इस त्यौहार को भक्तिभाव से मनाये जाने में सहयोग करना है। सुरक्षा की दृष्टि से बडे पंडालों में सीसीटीवी कैमरे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की अश्लील गीत संगीत डांस तथा चल समारोह के दौरान फूहड़ गीत डांस नहीं होंगे। तथा हमारी सांस्कृतिक संस्कृति को ध्यान में रखकर ही दशहरा पर्व मनाना है। देवी मठों पर सुबह-सुबह जल चढ़ाने जाने तथा रात्रि में आरतियों में दर्शनार्थियों को आने जाने में परेशानी ना हो सार्वजनिक मुख्य मार्गों पर निराश्रित मवेशियों से निजात दिलाने स्टापरों की व्यवस्था करने विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रखने दुर्गा पंडालों में कट लगे हुये विद्युत तार बगैरह बिल्कुल नहीं लगाये जायेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस का सहयोग तो रहेगा ही साथ साथ अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। दुर्गोत्सव समापन उपरांत विसर्जन कुंडों में ही प्रतिमाओं को विसर्जित करने सभी समीतियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित पुलिस के अलावा राजस्व और नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने अपने अपने दायित्वों को पूरा करने का भरोसा दिलाया। दुर्गा समीतियों के द्वारा की जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। तथा संगीतमय पांच आरतियों में होने वाली भीड़ को देखते हुए महिला पुलिस बल तैनात करने की बात कही गई।इस मौके पर नगर के सभी समीतियों के सदस्य भी उपस्थित थे।

## उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड गोटेगांव में साक्षरता परीक्षा संपन्न



गोटेगांव

उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड गोटेगांव में मिशन अक्षर क्रांति के तहत 20 सितंबर 2025 को विकासखंड गोटेगांव के 248 सामाजिक चेतना केंद्र में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन हुआ जिसमें जिले से प्राप्त लक्ष्य से ज्यादा असाक्षरों ने साक्षर होने की परीक्षा में भाग लिया 1 कलेक्टर जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण नरसिंहपुर की अध्यक्ष श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक गोटेगांव के मार्गदर्शन में सभी 248 सामाजिक चेतना केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई1 जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण नरसिंहपुर द्वारा विकासखंड गोटेगांव को 10000 असाक्षरों को शामिल करने का लक्ष्य दिया गया था शनिवार को आयोजित परीक्षा में विकासखंड गोटेगांव से 10204 असाक्षरों ने नव साक्षर होने की परीक्षा में शामिल हुए जो कि लक्ष्य से 204 ज्यादा है कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र गोटेगांव में परीक्षा के दौरान किसी भी समस्या को हल करने के लिए एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया था तथा सभी जन शिक्षकों को मॉनिटरिंग दल में शामिल किया गया था1 विकासखंड गोटेगांव में आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा में बीआरसी, बीएसी जनशिक्षकों संकुल सह समन्वयक एवं अक्षर साथियों का विशेष सहयोग रहा

## पं मयंक शर्मा द्वारा संकट मोचन जी की महाआरती संपन्न



गोटेगांव

श्रीधाम -श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी की महाआरती *पं दीपक तिवारी जी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ *पं मयंक शर्मा द्वारा* पितृपक्ष पर पूजन अर्चन किया गया अंजनीसुत को खीरपूरी(छैना) का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति,श्री हनुमान चालीसा,श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती विगत 5वर्षों से भी अधिक समय से एवं 301 वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई जिसमें पप्पू सोनी, धर्मेंद्र चौबे, सुशील दुबे कमल स्वामी विद्याचरण पाराशर तारा कहार मुकेश सोनी पंकज नोरिया विजेंद्र ठाकुर एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुईइस अवसर पर इनकी रही उपस्थिति , रघुनाथ राय दीपक सराठे मयंक शर्मा हेमराज दुबे दीपक तिवारीअंबुज श्रीवास्तव मनोज नामदेव दीपक सोनी नीरज नेमा मुकेश सोनी मुकेश ठाकुर आशीष साहू कैलाश गुप्ता मनीष साहू निहाल अग्रवाल मुकेश चढार विनोद साहू विमलेश राय अभिषेक सोनी नारायण सोनी अमरनाथ विश्वकर्मा रोहित नाथ ब्रजेश श्रीवास्तव नीलेश नामदेव बटुक सेवक अक्षत सराठे, अनुज ठाकुर ऋषि विश्वकर्मा, अभिनंदन अग्रवाल मातृशक्ति से स्नेहलता श्रीवास्तव मंजुला गुप्ता श्रद्धा गुप्ता प्रीति साहू सोनाली नामदेव लीलावती पटेल सुमन गुप्ता प्रीति पटेल अनीता साहू स्नेहलता चौहान ऋषिका विश्वकर्मा एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति रही